प्रेषक,

मुकेश कुमार सिंह
अपर जिला एवम् सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश
(भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) न्यायालय सं0–6,
लखनऊ।

सेवा में,

श्रीमान् उपनिबन्धक (एम)
माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद,
इलाहाबाद।

द्वारा,

श्रीमान् जनपद न्यायाधीश,
लखनऊ।

विषयः– माननीय उच्च न्यायालय के पत्रांक सं0–16173 / IV-3195 / एडमिन(ए) दिनांकित 03.11.2018 एक अचल सम्पत्ति विक्रय करने एवं दूसरी अचल सम्पत्ति क्रय करने की सूचना के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक, सादर निवेदन है कि दिनांक 23.01.2018 को मेरे द्वारा एक प्रार्थना पत्र माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद को एक अचल सम्पत्ति विक्रय करके दूसरी अचल सम्पत्ति क्रय किए जाने की पूर्व अनुमति के संबंध में निर्धारित परिपत्र पर प्रेषित किया गया था जिसके अनुक्रम में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा उपरोक्त पत्रांक सं0–16173 / IV-3195 / एडमिन(ए) दिनांकित 03.11.2018 के द्वारा मुझे अनुमति प्रदान की गई है एवं क्रय–विक्रय के उपरान्त सम्पूर्ण प्रपत्र माननीय उच्च न्यायालय को प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया गया है। माननीय उच्च न्यायालय के उक्त दिशा निर्देश के अनुक्रम में मेरे द्वारा पूर्व में क्रय किए गए मकान सं0–5 / 57सी, विपुल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ के विक्रय एवं प्लाट सं0–4 / बी–156 गोमती नगर विस्तार, लखनऊ के क्रय के सम्पूर्ण प्रपत्र एवं क्रय–विक्रय का सम्पूर्ण विवरण प्रेषित किया जा रहा है। सम्पत्ति के क्रय–विक्रय में धनराशि के आगम एवं निर्गमन का सम्पूर्ण विवरण एवं प्रपत्र स्पष्टता के लिए पृथक से इस पत्र के साथ संलग्न है।

सादर।

<u>दिनांक–16.11.2018</u>

भवदीय,

(हस्ताक्षर)

(मुकेश कुमार सिंह),
अपर जिला एवम् सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश
(भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) न्यायालय सं0–6
लखनऊ।
आई0 डी0 नं0–यू0 पी0 6217

कार्यालय जनपद न्यायाधीश, लखनऊ
पत्रांक: 3598/XV-f दिनांक: 17/11/18
17/11/18

संलग्नक–

1. संदर्भ के लिए पूर्व में मा0 उच्च न्यायालय को प्रेषित तीन प्रार्थना पत्रों की छाया प्रतियॉं।
2. मकान के विक्रय एवं प्लाट के क्रय की धनराशि का सम्पूर्ण विवरण।
3. पंजाब नैशनल बैंक के एकाउन्ट के पास बुक की छाया प्रति।
4. बैंक ऑफ बड़ौदा के एकाउन्ट के पास बुक की छाया प्रति।
5. विक्रय किए गए मकान का विक्रय विलेख।
6. बैंक ऑफ बड़ौदा से ऋण के संबंध में ऋण स्वीकृति प्रपत्र।
7. क्रय किए गए प्लाट के संबंध में पंजीकृत घोषणा पत्र।
8. क्रय किए गए प्लाट का विक्रय विलेख।